उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2022

चयन परिणाम
(10 पुरूष खेल विधाओं एवं 09 महिला खेल विधाओं के सापेक्ष)

संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(14)/2023 दिनांकः मार्च 28,2023

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2022 के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा सूचना/विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(02)/2022, दिनांकः 28 सितम्बर, 2022 प्रकाशित करते हुऐ कुशल खिलाडी के कोटे के 534 पदों (335 पुरुष एवं 199 महिला) पर पुरूष खिलाड़ियों के सापेक्ष 22 खेल विधाओं एवं महिला खिलाड़ियों के सापेक्ष 18 खेल विधाओं के सापेक्ष भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे।

2– उक्त भर्ती की चयन प्रकिया के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की संवीक्षा में अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण तथा खेल प्रमाण पत्रो के मूल्यांकन की कार्यवाही के उपरान्त उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियों के खेल प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरान्त खेल कौशल परीक्षण तथा खेल प्रमाण पत्रो में प्राप्त अंकों की श्रेष्ठता के आधार पर संगत सेवानियमावली के सुसंगत प्रावधानों के अधीन बोर्ड द्वारा 10 पुरूष खेल विधाओं एवं 09 महिला खेल विधाओं के सापेक्ष कुशल खिलाड़ी कोटे में खेल विधा एवं उसकी विशिष्टता के अन्तर्गत चयनित पुरूष/महिला अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ पर प्रदर्शित की जा रही है।

3– चयनित अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में समेकित विवरण निम्नवत है:–

कमांक	खेल विधा का नाम	चयनित पुरूष अभ्यर्थियों की संख्या	चयनित महिला अभ्यर्थियों की संख्या	सूची संख्या
1	तीरंदाजी	12	10	एक
2	एथलेटिक्स	54	40	दो
3	बैडमिण्टन	06	04	तीन
4	बॉक्सिंग	11	08	चार
5	क्रासकण्ट्री	08	06	पॉच
6	फुटबाल	18	–	छः
7	जूडो	10	10	सात
8	टेबिल टेनिस	03	02	आठ
9	भारोत्तोलन	09	08	नौ
10	वुशू	09	06	दस
–	**योग**	**140**	**94**	–

4— नियमावली में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण—पत्र सत्यापन हेतु सक्षम अधिकारी को प्रेषित किया गया था। भारोत्तोलन विधा के कतिपय अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके सम्बन्ध में डोप टेस्ट के परिणाम प्रतीक्षित है। इसलिए उनका चयन डोप टेस्ट के परिणाम के अधीन घोषित किया जा रहा है। डोप टेस्ट पॉजिटिव पाये जाने पर उनका अभ्यर्थन निरस्त समझा जायेगा एवं चयन निरस्त कर दिया जायेगा।

5— निम्नलिखित खेल विधाओं के सम्बन्ध में खेल कौशल परीक्षण तथा खेल प्रमाण पत्रों के मूल्यांकन की प्रकिया पूर्ण हो चुकी है तथा चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन की प्रकिया प्रचलित है । सत्यापन प्रकिया पूर्ण होने के उपरान्त चयन परिणाम घोषित किया जायेगा।

i. बास्केटबाल
ii. कबड्डी
iii. हॉकी
iv. जिमनास्टिक
v. ताईक्वाडों
vi. शूटिंग
vii. कुश्ती

6— निम्नलिखित खेल विधाओं के सम्बन्ध में अभिलेखो की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण तथा खेल प्रमाण पत्रों के मूल्यांकन की प्रकिया विभिन्न स्तरों पर प्रचलित है। प्रकिया पूर्ण करके इन विधाओं के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों का चयन परिणाम शीघ्र घोषित किया जायेगा।

i. वालीबॉल
ii. हैण्डबाल
iii. तैराकी
iv. वाटर स्पोर्टस
v. साइक्लिग

7— यद्यपि इस चयन परिणाम को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर इस त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त या अनुमन्य नहीं होगा।

संलग्नक:यथोपरि।

Prasad
28.03.2023

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।